**23.8.2022**

# प्रेस विज्ञप्ति

- **रेलटेल ने विभिन्न आईसीटी और दूर संचार सेवाओं के लिए मुरथल, सोनीपत, हरियाण में स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रोदयोगिकी विश्वविदद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।**

- **समझौता ज्ञान (एमओयू) के अंतर्गत दोनों पक्षों के बीच ईआरपी और कैंपस प्रबंधन, वाई-फाई हॉट स्पॉट का निर्माण, एचडी सीसीटीवी निगरानी, आधार आधारित पहचान सेवाएं, डाटा सेंटर, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी, यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट एंड लर्निंग मैनेजमेंट प्रणाली, हाई डेफीनेशन वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली और कैंपस ऑडियो विजुअल मैनेजमेंट, ई-ऑफिस प्रबंधित सेवाएं, प्रवेश के लिए ऑन लाइन परामर्श प्रबंधन आदि प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक सहयोग होगा।**

- **वर्तमान में, रेलटेल पहले से ही पूरे हरियाणा राज्य में राज्य के सरकारी संस्थानों में विभिन्न आईसीटी सेवाएं प्रदान कर रहा है।**

- **यह समझौता ज्ञापन भारत में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और बड़ा कदम है :श्रीमती अरुणा सिंह अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक।**

**************

हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाएं प्रदान करने और राज्य के डिजिटल विकास को सशक्त बनाने के कार्य को आगे बढ़ाते हुए, रेल मंत्रालय के एक मिनी रत्न सीपीएसयू रेलटेल, ने अब हरियाणा राज्य के मुरथल, सोनीपत में स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) के साथ विश्वविद्यालय में विभिन्न आईसीटी और दूरसंचार सेवाओं के प्रसार के लिए एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

हस्ताक्षर समारोह में दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रोद्योगिकी विद्यालय के कुलपति डा. राजेन्द्र कुमार अनायथ, प्रो.सुरेश कुमार,रजिस्ट्रार दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रोद्योगिकी विद्यालय एवं रेलटेल उत्तरी क्षेत्र की कार्यकारी निदेशक श्रीमती विजय लक्ष्मी कौशिक के साथ दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रोदयोगिकी विद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्यों के साथ रेलटेल के अधिकारी उपस्थित थे।

समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत दोनों पक्षों के बीच ईआरपी और कैंपस प्रबंधन, राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क कनेक्टीविटी, वाई फाई हॉट **स्पॉट** का निर्माण, एचडी सीसीटीवी निगरानी, आधार आधारित **पहचान सेवाएं,** डेटा सेंटर, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी, आईसीटी उपकरणों की आपूर्ति और प्रबंधन,विश्वविद्यालय प्रबंधन

और लर्निंग प्रबंधन प्रणाली, हाई डेफीनेशन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली और कैंपस ऑडियो विजुअल प्रबंधन, **ई-**ऑफिस प्रबंधित सेवाएं, डिजिटल हस्ताक्षर, प्रवेश के लिए ऑनलाइन परामर्श प्रबंधन आदि प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक सहयोग होगा ।ये आईसीटी सेवाएं विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में बाहरी दुनिया से जुड़ने में सक्षम बनाएगी और विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक आईसीटी बुनियादी ढांचे के निर्माण की सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगी और प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा को बढ़ावा देगी।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और प्रबंधन अध्ययन, मानविकी के नए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उच्च शिक्षा के उभरते इन क्षेत्रों में अध्ययन और अनुसंधान को सुविधाजनक बनाने और इन क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने को भी बढ़ावा देना है।

वर्तमान में रेलटेल पहले से ही हरियाणा राज्य में विभिन्न सरकारी संस्थानों जैसे राज्य के संस्थान विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय(एसवीएसयू)गुरूग्राम, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआईआई)करनाल,भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक, एन आई टी, कुरूक्षेत्र, राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो(एनबीएजीआर) करनाल, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान(पीजीआईएमएस,)रोहतक, स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (एसयूपीवीए)रोहतक, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय(सीडीएलयू)सिरसा, चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय(सीआरएसयू) जींद और विभिन्न डीसी कार्यालयों आदि को विभिन्न आईसीटी सेवाएं प्रदान कर रहा है। रेलटेल पिछले सात वर्षों से हारट्रॉन (Hartron) के तहत दिन प्रतिदिन परिचालन कार्यों में हरियाणा राज्य के लिए स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (SWAN) का प्रबंधन भी कर रहा है।

इसके बारे में बात करते हुए , रेलटेल की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्रीमती अरुणा सिंह ने कहा“ ,शिक्षा क्षेत्र रेलटेल के लिए एक फोकस क्षेत्र रहा है क्योंकि शिक्षा संस्थान देश के डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। देश भर में कई निजी ,राज्य और केंद्र सरकार के विश्वविद्यालय ,कॉलेज / संस्थान पहले से ही हमारी ग्राहक सूची में हैं और दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ यह समझौता ज्ञापन भारत में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और बड़ा कदम है।”

## रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी

बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए:
sucharita@railtelindia.com